घिनौनी करतूत करने वाले शिक्षक को बर्खास्त करो

ज्ञानमाता स्कूल में हुई घृणित घटना पर भड़क उठे नागरिक और संगठन

अमरावती, 25 सितंबर- शहर के इर्विन चौक स्थित ज्ञानमाता हाईस्कूल में पांचवीं की 2 छात्राओं के साथ अश्लील हरकत कर विनयभंग कर अपने शिक्षक पेशे को दागदार करने वाले आरोपी टीचर मरवीन हैंड्री जोसेफ (35, ज्ञानमाता परिसर) को कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज होने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इस घृणित घटना को लेकर अभिभावकों समेत शहर के नागरिकों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है. उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना, पूर्व राज्यमंत्री बच्चू कडू की प्रहार युवा शक्ति संगठन, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की. ज्ञानमाता हाईस्कूल में सभी छात्राओं की सुरक्षा के स्थायी प्रबंध करने की मांग की.

छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई करें

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिलाधीश से मांग

अमरावती- ज्ञानमाता जैसी नामांकित स्कूल में दो छात्रों के साथ उनके ही स्कूल के शिक्षक द्वारा विनयभंग का मामला उजागर हुआ है. इस घटना से पूरे शहर में हड़कम्प मचा है. छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले उस शिक्षक का नाम मार्विन जोसेफ है. स्कूल में हुई इस घटना से फिर एक बार छात्रों की सुरक्षा का मामला सामने आया है. एक तरह स्कूल में लड़कियों के साथ लैंगिक अत्याचार के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है. इसलिए अब सभी मामले की विस्तृत जांच कर दोषी शिक्षकों के साथ उन्हें बचाने का प्रयास करने वाले स्कूल प्रशासन के खिलाफ उचित कारवाई करने की मांग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की है.

छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से 2016 में शासन ने सभी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये हैं, किंतु अभी तक कई स्कूलों में इन नियमों का पालन नहीं किया गया है. इसलिए सभी स्कूलों में छात्राओं के लिए स्वतंत्र शिकायत निवारण समिति स्थापन करने, महिला समुपदेशक की मदद से यह शिकायत का निपटारा करने स्कूलों में विशेष महिला बाल सुरक्षा समिति की स्थापना कर स्कूल समिति बैठक की तरह इस समिति की कम से कम दो माह में एक बार बैठक लेने का अनुरोध किया. साथ ही इस घटना में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई कर छात्राओं को न्याय देने की मांग की है. जिलाधीश सौरभ कटारिया को ज्ञापन सौंपते समय महानगर मंत्री रिया गुप्ते, रिदम शाह, रिद्धेश देशमुख, आर्यन ठाकरे, निकेत कलाने आदि उपस्थित थे.

कड़ी कार्रवाई कर आरोपी को सजा दिलाएं

विहिंप का सीपी को निवेदन

अमरावती - विश्व हिंदू परिषद विदर्भ प्रदेश के विजय शर्मा, डॉ. सुरेश चिकटे, बंटी पारवानी ने पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी को निवेदन देकर ज्ञानमाता शाला के अश्लील हरकत प्रकरण में कड़ी कार्रवाई कर आरोपी को सजा दिलवाने तथा ऐसी घटना की सुनवाई द्रुत गति न्यायालय में करवाने का अनुरोध किया है. सीपी को दिए निवेदन में आरोप लगाया गया कि, कुछ दिनों पूर्व से ऐसी घटना की जानकारी बाहर आ रही थी. उस पर पर्दा डालने का प्रयास किए जाने का आरोप ज्ञापन में किया गया. मासूम बच्चियों से अश्लील हरकत की घटना को विहिंप ने गंभीर बताया.

इस समय संघम गुप्ता, यश शर्मा, विजय दुबे, प्रमिंद्र शर्मा, यशवंत मेहता, हेमंत मालवीय, संजय मेहता, पंकज निखार, आशुतोष शर्मा आदि उपस्थित थे.

आरोपी शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई करें : प्रहार ने की मांग

अमरावती - ज्ञानमाता हाईस्कूल में छात्रा का लैंगिक शोषण करने वाले शिक्षक आरोपी पर कड़ी कार्रवाई कर इस प्रकरण की कड़ी जांच की जाए, यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाते हुए छात्रा को न्याय दिलाने की मांग प्रहार जनशक्ति ने की है.

इस संबंध में सोमवार को पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया कि, 23 सितंबर को ज्ञानमाता स्कूल में 11 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुई घटना से अभिभावकों और विद्यार्थियों में भय निर्माण हो गया है. जिस शिक्षा के मंदिर में अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं, वहां ऐसी घटना होना मानवीयता को कालिख पोतने जैसी घटना है. इसलिए इस प्रकरण की गहन जांच की जाए. तथा यह प्रकरण फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर छात्रा को न्याय दिलाएं, यह अनुरोध प्रहार जनशक्ति ने पुलिस आयुक्त से किया है. इस समय जिला प्रमुख छोटू महाराज वसू, महानगर प्रमुख बंटी रामटेके, संपर्क प्रमुख गोलू पाटिल, संगठक शाम इंगले, उपमहानगर प्रमुख सुधीर मानके, शहर महासचिव अभिजीत गोंडाने, रावसाहब गोंडाने, वृषभ मोहोड, योगेश कावरे, उमेश मेश्राम, समीरभाई, मनीष पवार, शेषराव मुले, विक्रम जाधव, अजय तायडे, नंदू वानखडे, कुणाल खंडारे, अनीता सोमकुंवर, कविता भुसुम, छोटू दाभाले, सचिन सवई, वनिता जवंजाल, बबिता वाघमारे, उज्ज्वला तायडे, सुनंदा इंगले, पंचशिला जवंजाल, रंजना सरोदे, रक्षणा गुजर, भाग्यश्री लोखंडे, विद्या खडसे उपस्थित थे.

ज्ञानमाता विद्यालय की मान्यता रद्द करें

शिवसेना के संतोष बद्रे की शिक्षाधिकारी से मांग, सौंपा ज्ञापन

अमरावती-सोमवार 25 सितंबर को शिवसेना अमरावती महानगर व युवा सेना की ओर से दोपहर 12.30 बजे शिक्षाधिकारी अनिल कोल्हे को निवेदन सौंपकर ज्ञानमाता विद्यालय की मान्यता रद्द करके शाला की छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले मरियम हंड्री जोसेफ को संस्था से तत्काल बर्खास्त करने तथा शाला के मुख्याध्यापक पर भी कार्रवाई करने की मांग की, क्योंकि ये मुख्याध्यापक दोषी शिक्षक को बचाने की कोशिश कर रहे थे. इस प्रकार शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार का कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाने की बात शिवसेना के महानगर प्रमुख संतोष बद्रे ने कहा. निवेदन सौंपते समय शिवसेना महानगर प्रमुख संतोष बद्रे, युवा सेना जिला प्रमुख राम पाटिल, उपजिला प्रमुख प्रितेश अवघड़, वेदांत तालन, पवन महाले, रुद्र तिवारी, पंकज मुले, शुभम साबले, नितेश शर्मा, सोनाली देशमुख, अजमत शाह, युवा सेना उपजिला प्रमुख रुद्रेश हरणे आदि सहित संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

डॉ. पंजाबराव देशमुख अर्बन बैंक की वार्षिक सभा

चर्चा के बाद कुल 13 प्रस्तावों को मंजूरी

1 लाख की सुरक्षा जमा रकम होने पर ही लड़ सकेंगे बैंक का चुनाव

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 25 सितंबर- डॉ. पंजाबराव देशमुख अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की 50वीं वार्षिक साधारण सभा गत 24 सितंबर को मातोश्री विमलाबाई देशमुख सभागृह में संपन्न हुई सभा के प्रारंभ में डॉ. पंजाबराव देशमुख के अर्धाकृति पुतले का पूजन करके सभा का कामकाज प्रारंभ किया गया. इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष नरेश मधुकर पाटिल, व्यवस्थापन मंडल के अध्यक्ष दिलीप इंगोले व संचालकों की उपस्थिति में शुरू हुई इस सभा में अधिकांश सदस्य उपस्थित थे. सभा में कुल 13 प्रस्तावों को चर्चा के बाद मंजूरी के लिए रखा गया. इस सभा में बैंक का नुकसान होने के कारण लेखा वर्ग क प्राप्त होने के कारण उपस्थित अधिकांश सदस्यों ने बैंक के आर्थिक हितों को देखते हुए विविध मुद्दे उपस्थित किए. इन सभी मुद्दों पर बैंक के संचालकों ने सदस्यों की सूचनाओं को स्वीकार करते हुए बैंक को आर्थिक विकास की ओर ले जाने के संबंध में आश्वस्त किया. इस अवसर पर एक मुश्त भुगतान के मामलों पर संचालक मंडल द्वारा की गई कार्रवाई के प्रस्ताव पर राजेंद्र गायगोले ने मुद्दे उपस्थित किए. इस पर अध्यक्ष द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के बाद यह प्रस्ताव मंजूर किया गया. बैंक के स्वर्ण महोत्सवी वर्ष पर विविध सुरक्षा जमा योजना व कार्यक्रम का नियोजन करने के संबंध में बैंक के संचालकों की सभा विविध शाखाओं में लेने के प्रस्ताव को भी सदस्यों ने प्रभावी रूप से रखा. सभा में अधिकांश सदस्यों ने वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायतें दर्ज करवाई. इस अवसर पर राजेंद्र गायगोले, हरिनारायण घाटे, बबनराव चौधरी, डॉ. दुर्गे, मंगेश ठाकरे, प्रा. बीटी गावंडे, बालासाहब वैद्य आदि सदस्यों ने मुद्दे प्रभावी रूप से उपस्थित किए. इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रशांत डवरे, संचालक राजेंद्र महल्ले, डॉ. सुगंध बंड, अभय ढोबले, डॉ. सुरेंद्र गावंडे, डॉ. बालकृष्ण अढाऊ, ओमकार बंड, राजेश बारब्दे, अनिल भारसाकले, भैया मेटकर, दिलीप देशमुख, यशपाल वरठे, डॉ. जयंत वरठे, अक्षय इंगोले, अंजली ठाकरे, पूनम चौधरी, जफर कुरैशी, अरुण ठाकरे, कार्यकारी संचालक अतुल बोर्डेकर आदि संचालक व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

कर्मचारी भर्ती नहीं करने का निर्णय

बैंक की कुल 21 शाखाओं में रहने वाले कर्मचारियों की संख्या 132 है तथा यह संख्या बैंक की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अभी फिलहाल भर्ती प्रक्रिया नहीं करने का निर्णय सभा में लिया गया तथा नियुक्त रहने वाले ठेका कर्मचारियों के संबंध में भी सभा में चर्चा की गई. इस अवसर पर बैंक की सॉफ्टवेअर प्रणाली व वर्धा शाखा के कामकाज के विषय पर सदस्यों ने प्रश्न उपस्थित किया, किंतु सभा का कामकाज अध्यक्ष नरेशचंद्र पाटिल ने अत्यंत संयम व प्रभावी रूप से चलाते हुए बैंक के हित में अनेक निर्णय लेकर बैंक को मुनाफे में लाने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई.

विविध प्रस्ताव : सेवा नियमों में दुरूस्ती

बैंक की उपधारा में दुरूस्ती करते हुए अब सदस्यों के शेयर्स 1000 रुपये के कर दिए गए हैं तथा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के लिए 50 हजार की सुरक्षा जमा राशि के बदले अब एक लाख की सुरक्षा जमा राशि रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है. उसी प्रकार कार्यकारी संचालक के पद के लिए रिजर्व बैंक द्वारा अभी तक मार्गदर्शन नहीं किए जाने के चलते पद का अतिरिक्त पदभार संभाले जाने के कारण उपकार्यकारी संयचालक का एक पद बढ़ाने के संबंध में उसी प्रकार कर्मचारियों की उम्र मर्यादा भी बढ़ाने का प्रस्ताव मंजूर किया गया. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की उम्र मर्यादा के संबंध में कर्मचारी संगठन द्वारा मांग करने पर उस पर बैंक निश्चित ही विचार करेगी, ऐसा मत दर्ज किया गया. बैंक के कर्मचारी की सेवा नियम की दुरूस्ती को भी मान्यता मिल गयी.

विधायकों के पात्रता की सुनवाई फेसबुक पर लाइव हो

पूर्व पार्षदों की मांग

अमरावती, 25 सितंबर- राज्य में शिवसेना को छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले विधायकों की पात्रता को लेकर सुनवाई को फेसबुक पर लाइव प्रसारण करने की मांग पूर्व महापौर प्रमोद पांडे तथा पूर्व पार्षद प्रदीप बाजड़ ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से की है. उनका कहना है कि यह विषय राज्य की जनता तथा मतदाताओं से संलग्न है. यह विधायक एक जनप्रतिनिधि होने से इसकी जानकारी सर्वसामान्य जनता को होना जरूरी है, इससे किसने किसके साथ विश्वासघात किया है, यह वस्तुस्थिति सबूतों के साथ जनता के सामने आना चाहिए. इसलिए इन विधायकों की पात्रता से जुड़ी हर सुनवाई फेसबुक पर लाइव होनी चाहिए. उन्होंने आवेदन की प्रतियां राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश को ई-मेल द्वारा प्रेषित की है.

जन्मदिन मुबारक

अभिजित निंभोरकर
अमरावती
मो. 9730830382

अमित खत्री
अमरावती
मो 9665610001

सतीश घिसुलाल
गोयनका
मो. 9422157925

अमित सरवैय्या
मो. 992332226

राजेश गट्टाणी
मो. 9423123289

संदीप खालोकार
मो. 9403311970

अभिनव अहिर
अमरावती
मो. 9921435941

राहुल विधले
चां. बा.
मो. 9403384982

सैम बेग
मोहसीन बेग
बडनेरा

संतोष साहु
मो. 8236634444

सोनू उमेश साहू
अमरावती

तन्मय मुंदडा
अमरावती

यश खोडके
अमरावती

डी. जी. सारडा
अमरावती

सक्षम अजय वासेवाय
अमरावती

आप सभी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

जिनका फोटो आज के जन्मदिन कॉलम में छपा है, वे फोटो कटिंग साहिल ऑप्टीकल में देकर इम्पोटेड गॉगल प्राप्त करें. यह ऑफर सिर्फ आज ही के दिन है.

साहिल ऑप्टीकल
राजापेठ पुलिस स्टेशन के पास
अमरावती, मो.9325717817

दिनदर्शिका

- सकल धनगर समाज का श्रृंखला अनशन
  स्थान - जिलाधीश कार्यालय
  समय - सुबह 11 बजे
- जलविहार उत्सव पर शोभायात्रा
  स्थान - छत्रपुरी बालाजी मंदिर, सक्करसाथ
  समय - शाम 7 बजे
- 'बिसरा रेस्ट्रो' का शुभारंभ
  स्थान - टाटा मोटर्स के समीप, बडनेरा रोड
  समय - शाम 7 बजे
- हृदय स्वास्थ्य सप्ताह
  स्थान - रिम्स हॉस्पिटल
- नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर
  स्थान - गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा, बूटी प्लॉट
  समय - सुबह 9 बजे
- अथर्वशीष का पठन व अभिषेक
  स्थान - महावीर बालोद्यान, श्रीकृष्ण पेठ
- गणेशोत्सव निमित्त यज्ञ
  स्थान -चिंतामणी गणेश मंदिर, भातकुली डीपी रोड
  समय - सुबह 9 बजे

385 कारों को जलसमाधि, 100 करोड़ का नुकसान

शनिवार को आकाश से बरसी आफत का नतीजा

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
नागपुर, 25 सितंबर- शनिवार को तड़के हुई मूसलाधार बारिश के कारण अंबाझरी तालाब के निचले भाग में स्थित कॉर्पोरेशन कॉलोनी, समता कॉलोनी, वरमा लेआऊट, डागा लेआऊट, शंकर नगर, रामदास पेठ और समीप के कुछ भागों में पार्किंग में रखी कारें पूरी तरह पानी में डूब गईं. फिलहाल डूबने वाली कारों का आंकड़ा 385 है तथा वह 600-700 से भी अधिक जाने की संभावना है. जिसके कारण कार मालिकों का 100 करोड़ से अधिक नुकसान होने का अनुमान है.

सर्वे के बाद मिलेगी बीमे की राशि

कार का सर्वेक्षण सोमवार से शुरू होगा. प्रक्रिया के बाद मान्यता के लिए कंपनी के पास भेजी जाएगी. सेवा ऑटो मोबाइल में अभी तक 40 से अधिक कारें मरम्मत के लिए आयी हैं. सर्वाधिक फोन अंबाझरी, हजारी पहाड़, शंकर नगर, रामदास पेठ इन क्षेत्रों के लोगों के आ रहे हैं. उनकी कार वर्कशॉप में ले जाई जा रही हैं. इन कारों की मरम्मत के लिए कम से कम एक महीना तो लगेगा. फिलहाल बीमे में इंजिन मरम्मत का ही समावेश है.

बीमा एजेंट

पानी में डूबने वाली कारों का आंकड़ा 1000 से अधिक है. फिलहाल हमारे पास 41 कारें मरम्मत के लिए आयी हैं. बीमा सर्वेक्षण होने के बाद ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा. इसके लिए 2-3 तीन लगेंगे. उसके बाद कार की मरम्मत प्रारंभ होगी. पूरी मरम्मत के लिए 1-2 महीने लग सकते हैं.

- करण पाटनी,
संचालक, अरुण मोटर्स, मारुती सुजूकी

▶▶ 12 टोयोटा और 6 स्कोडा कार मरम्मत के लिए शोरूम के वर्कशॉप में आयी हैं. मरम्मत के लिए विशेष बीमा प्रीमियम आवश्यक है. बीमा कंपनी का सर्वे होने के बाद ही कार की मरम्मत शुरू करेंगे.

- उमेश पाटनी, संचालक, पाटनी टोयोटा

विद्युत पोल से अटकी कारें

कॉर्पोरेशन कॉलोनी का निरीक्षण करने पर बाढ़ के पानी में बहने वाली तीन कारें विद्युत के पोल से अटकी हुई नजर आयीं. इन कारों में पानी भर गया है. अनेक कंपनियों के वर्कशॉप रविवार को बंद होने के कारण सोमवार से बिगड़ी हुई कारें बड़े प्रमाण में शोरूम में दिखाई देंगी. इस क्षेत्र में विद्युत पोल से अटकी एक मारुती अल्टो कार किसकी है, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है. यहां के निवासी राजेंद्र केवटे ने कहा कि, घर के कंपाउंड के बाहर रखी गयी कार पानी का वेग अधिक होने के कारण सड़क पर आ गयी. कार को मरम्मत के लिए मारुती वर्कशॉप के प्रतिनिधि टोइंग करके ले गए. उस प्रतिनिधि द्वारा बताए गए अनुसार 20 हजार रुपए भरे हैं. अब यह कार 30 नवंबर को दुरूस्त होकर मिलेगी. मरम्मत के लिए 2 माह से अधिक का समय लगेगा. ठीक ऐसी ही स्थिति अन्य कार मालिकों की है. कुछ के द्वारा कार शुरू करने के बाद इंजन जाम हो गया है. ऐसी कार की मरम्मत के लिए अधिक खर्च लगेगा.

राष्ट्रसंत नम्रमुनि का जन्मोत्सव बन गया महामानवता महोत्सव

▶▶केशोद विकलांग आस्था संस्था के आवास के लिए 81 लाख का अनुदान ▶▶सबके बारे में सोचने वाला अंदर से भी मनुष्य होता है- नम्रमुनि

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 25 सितंबर- गिरनार की पुण्यधरा पर करुणानिधान राष्ट्रसंत परम गुरुदेव श्री नम्रमुनि महाराज साहेब का 53वां जन्मोत्सव करुणा और कल्याण के कर्तव्यों, साता, समाधि अभयदान जैसे सत्कार्यों तप, त्याग, साधना आराधना के संकल्पों के साथ व्यसन मुक्ति की प्रतिज्ञा और आगामी आयोजनों की प्लानिंग और अभिवंदना की अमी वर्षा के साथ कुछ नया और प्रेरणात्मक पाने की संतुष्टि के साथ संपन्न हुआ.

परम गुरुदेव के प्रति प्रेम, श्रद्धा, समर्पणता और भक्ति भावना के साथ पूजनीय संत सतीजियों, 100 से भी ज्यादा जैन संघ, संस्थाएं, महानुभाव, देश- विदेशों के उपस्थित अनेक भाविकों के साथ जूम लाइव के माध्यम से भारत के कोने-कोने से व 140 से भी ज्यादा देशों के मिलाकर लाखों भाविक अहोभाव से जुड़कर धन्य बने.

स्वयंस्फूरित महाप्रभावक श्री उवसग्गहरं स्तोत्र के सिद्ध साधक परम गुरुदेव ने जब तीन चरण में वर्ष में एक ही बार होने वाली विशिष्ट और संकल्प सिद्धि दायक जप साधना 'शुभ हो सकल विश्व का' की शुभ भावना के साथ कराई तब परम गुरुदेव के नाभि से ब्रह्मनाद के साथ लय बद्ध प्रगटते मंत्रोच्चार की दिव्य ध्वनि ने सबकी आत्मा को स्पंदित कर दिया. साथ ही प्रभु प्रेम और गुरु साधना की प्रभावकता का अनुभव भी करा दिया.

इस अवसर पर परम गुरुदेव ने मानवता की नई परिभाषा की समझ देते हुए फरमाया कि, मानवता महोत्सव तुम्हारे पुण्य को एक्सचेंज करने का अवसर है. जब आप किसी को कुछ अर्पण करते हो तो अर्पण नहीं करते हो तुम्हारे पुण्य का एक्सचेंज करते हो. इस नई परिभाषा के साथ परम गुरुदेव ने प्रेरणा कि की तुम सत्कार्य करो और अन्य को भी सत्कार्य करना सिखाओ.

परम गुरुदेव की करुणा भावना से पिछले एक वर्ष से अनेक क्षेत्रों में चल रही अर्हम अनुकंपा योजना अंतर्गत अर्हम एनिमल एंबुलेंस के माध्यम से आज तक 30, 000 से भी ज्यादा अबोल घायल और वेदना ग्रस्त पशुओं की समय पर देखभाल चिकित्सा कर उन्हें वेदना मुक्त किया गया है. इस परमार्थ की श्रृंखला में आगे बढ़ते हुए परम गुरुदेव से प्रेरणा पाकर इस अवसर पर इस वर्ष एक लाख घायल पशुओं की सहायता का लक्ष्य रखकर 18 एनिमल एंबुलेंस अनेक क्षेत्रों के रास्तों पर दौड़ेगी. जो बोल नहीं सकते उनकी केअर करने के लिए परम गुरुदेव की प्रेरणा से जीवदया के नये प्रकल्प के रूप में 'एनिमल फर्स्ट-एड किट' का लांच किया गया. जिसका लोकार्पण सौराष्ट्र के सभी संघों के प्रमुख और पदाधिकारियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर परम गुरुदेव के जीवनवृत्त से प्रेरणा लेकर गुण वृद्धि कराते आत्म-कल्याणकारी प्रसंगों का संकलन 'प्रसंगों की पाठशाला' इस प्रेरक पुस्तक का विमोचन एमएलए परागभाई शाह, अवंतीभाई कांकरिया, जिगरभाई शेठ, दिनेशभाई मोदी, स्वप्निलभाई मकाती, धर्मेशभाई शाह, राजेशभाई कोठारी, आशीष भाई कांकरिया आदि मान्यवरों ने किया. साथ ही 'नो योर ऑय' इस इंग्लिश बुक का विमोचन अजयभाई सेठ, हितेनभाई मेहता, प्रदीपभाई दोशी, भाविकभाई शाह, हर्षदभाई गट्टानी आदि श्रेष्ठीवर्यों के द्वारा होते ही सर्वत्र हर्ष ध्वनि का नाद छा गया.

इस अवसर पर श्री उवसग्गहरं स्तोत्र अभिमंत्रित मंगल कलश का लाभ श्री अरहन मननभाई परागभाई शाह ने लिया और उसका समस्त अनुदान उन्हीं के हस्ते केशोद की विकलांग आस्था संस्था की निवास व्यवस्था के लिए अर्पण किया जाएगा. द्वितीय और तृतीय कलश का लाभ श्री मोदी परिवार और श्री अमीबेन कोठारी परिवार ने लिया था. वह रकम एनिमल फर्स्ट एड-किट घर-घर पहुंचाने के लिए अर्पण की जाएगी. इस अवसर पर परम भक्तों ने परम गुरुदेव को 10,008 पारे की माला के साथ 'जुग जुग जियो गुरुदेव' के हृदयपूर्ण भाव अर्पण किए.